अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन के तत्वावधान में आयोजित वर्चुअल एक्सपो सखी 2021 का उद्घाटन कार्यक्रम

- अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन के तत्वावधान में आयोजित वर्चुअल एक्सपो सखी 2021 के उद्घाटन सत्र में आप सबके साथ जुड़कर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है।
- एक प्रगतिशील सामाजिक संस्था के रूप में अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन की बहुत प्रतिष्ठा और ख्याति है। यह प्रतिष्ठा संस्था ने लंबे समय से अनवरत महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर काम करके अर्जित की है।
- महिला अधिकार, उत्थान, सुरक्षा और सशक्तिकरण को आधार बनाकर संस्था ने एक समिति का गठन किया है जिसने आज के आयोजन की संकल्पना सामने रखी है।
- साथियो, यह अत्यंत कठिन समय है। लेकिन जैसा हम सभी जानते हैं कि जीवन की गतिविधियां चलती रहनी चाहिए। हमें रूकना नहीं चाहिए क्योंकि 'जीवन चलने का नाम है।' मुश्किल परिस्थितियां आती-जाती रहती हैं। यह हम अब समझ भी रहे हैं और यह स्वीकार कर रहे हैं कि अब समयानुकूल बदलाव की बहुत आवश्यकता है।
- अब हमें पूर्णत: डिजिटल होने की ओर बढना है जिसके लिए माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में डिजिटल इंडिया कार्यक्रम आरंभ हो चुका है। आज का यह कार्यक्रम भी डिजिटल एक्सपो का कार्यक्रम है।
- अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन के पिछले कुछ वर्षों से महिलाओं के बीच उद्यमशीलता और पेशेवर उत्कृष्टता के विकास के लिए अनुकरणीय काम से जुड़े होने पर मैं बधाई देना चाहता हूं।
- उद्यमिता के माध्यम से समाज और देश के उत्थान के लिए समर्पित नारी शक्ति को मैं नमन करता हूं।
- अपने अनुभव से मैं यह कह सकता हूं कि महिलाएं जिस क्षेत्र में जो ठान लेती हैं वह करके ही मानती हैं।
- आप सब दृढ़ निश्चय वाले समर्पित लोग हैं। कोई भी चुनौती आपके लिए बहुत बड़ी नहीं है। महिलाएं वैसे भी मल्टी टास्क करने में माहिर होती हैं।
- **स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि "हमारी भारतीय महिलाएं इस दुनिया के किसी भी कार्य को करने में सक्षम हैं।"**
- एक महिला उद्यमी बनने के पश्चात आर्थिक क्षेत्रों में बडे पैमाने पर अपना योगदान देती है। वह बडे आर्थिक विकास, उत्पादकता के सुधार, आय के समान वितरण, गरीबी उन्मूलन एवं बेरोजगारी को कम करने में सहायक सिद्ध होती है।
- महिलाएं परिवार, समुदाय और समाज में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और जब महिलाओं को समान अवसर दिए जाते हैं, तो राष्ट्र का तीव्र विकास सुनिश्चित होता है।
- लोकसभा अध्यक्ष के रूप में, मैं बहुत खुश हूं कि लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व लगातार बढ़ा है और वर्तमान लोक सभा में महिला सांसदों की संख्या 78 है जो अब तक सबसे अधिक संख्या है। **पहले लोक सभा चुनाव में, सदन में केवल 5%**

महिलाएं थीं। अब, यह बढ़कर 14% हो गया है। यह बहुत उत्साहजनक है लेकिन हमें और अधिक विकास करना है। इसके लिए हमें महिलाओं को और अधिक जोडने की आवश्यकता है। यह राष्ट्र के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

• यह एक ऐसा समय है जब हमें देश के नागरिकों को सुरक्षित भी रखना है और देश को एक सही दिशा भी देनी है। इन चीजों में अर्थव्यवस्था बहुत महत्वपूर्ण इंडिकेटर बन जाती है।

• हमलोग इस बदलती हुई परिस्थिति को भली भांति समझ रहे हैं। कोरोना के कारण लोग घरों से कम बाहर निकल रहे हैं। एक तरफ खरीदार हैं तो दूसरी तरफ विक्रेता और उनकी सप्लाई चेन है। इन्हें एक मंच देना और डिजिटल सेफ्टी के साथ व्यापार को आगे बढ़ाना बहुत प्रगतिशील कदम है।

● इसके लिए मैं अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन की प्रशंसा करता हूं। हमें नई तकनीक के साथ सूचना तकनीक के इस युग में कदम से कदम मिलाकर आगे बढना होगा।

● यह राष्ट्र के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हमें बहुत कुछ नया करना चाहिए और पारदर्शिता एवं बेहतर कार्य प्रबंधन के लिए प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग करते हुए व्यापार का प्रभावपूर्ण ढंग से परिचालन करना चाहिए।

• हमारे माननीय प्रधानमंत्री ने अभी इस महामारी के दौर से हमारी अर्थव्यवस्था को उबारने के लिए आत्मनिर्भरता व स्वदेशी का मंत्र दिया है। इस मंत्र को अपनाने में और इसके सहारे अर्थव्यवस्था को पुनः पटरी पर लाने के लिए आप सबका सहयोग और मार्गदर्शन अत्यंत सहायक सिद्ध होगा।

• मैं अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन का नेतृत्व करने और इसे नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए इस संगठन की प्रेसिडेंट श्रीमती आशा माहेश्वरी जी की सराहना करता हूँ। **आज के इस वर्चुअल एक्सपो कार्यक्रम 'सखी 2021' के आयोजन के लिए मैं आपकी पूरी टीम को धन्यवाद देता हूँ।**

● आप सभी ने मुझे इस महत्वपूर्ण अवसर पर मुझे यहां आमंत्रित किया और एक्सपो को संबोधित करने का अवसर दिया, इसके लिए मैं सभी नारी शक्ति का आभार प्रकट करता हूँ। विशेष रूप से श्रीमती आशा जी एवं उनकी टीम के सभी लोगों को धन्यवाद देता हूँ कि आपने इस डिजिटल एक्सपो में शामिल होने का अवसर दिया।

• देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में इस प्रकार के आयोजन महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे और महिला उद्यमियों को विशेष अवसर मिलेगा।

● अंत में, मैं कामना करता हूं कि आपका ये आयोजन अत्यन्त सफल रहे। क्रेता और विक्रेता दोनो ही लाभान्वित हों। सभी सुरक्षित रहें और स्वस्थ रहें। जय महेश। जय हिंद।